an>

Title: Regarding problems in Army Cantonment Area.

**श्री संतोख सिंह चौधरी (जालंधर) :** माननीय अध्यक्ष जी, देश के बहुत सारे प्रांतों में जो ऑक्ट्राय है, उसको एबॉलिश कर दिया गया गया है और ऐसे ही पंजाब में 2006 में जो ऑक्ट्राय लगाया था, उसको एबॉलिश कर दिया था। जालंधर संसदीय क्षेत्र में जालंधर कैंट आता है और हमने बहुत बार डिफेंस मंत्रालय से अपील की कि यहां भी ऑक्ट्राय माफ की जाए। तत्कालीन डिफेंस मिनिस्टर श्री एंटोनी जी ने भी वर्ष 2011 में राज्य सभा में यह बयान दिया कि "The draft notification regarding stopping collection of octroi by Cantonment Board, Jalandhar has been approved by the Government." लेकिन जो ड्राफ्ट उन्होंने एप्रूव किया, उसको अभी तक इम्पलीमेंट नहीं किया। मैं आपके माध्यम से डिफेंस मिनिस्ट्री से यह कहना चाहता हूं कि जालंधर कैंटोनमेंट बोर्ड के जो लोग हैं, उनको वैट भी देना पड़ता है और ऑक्ट्राय भी देनी पड़ रही है। उनको दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। मेरा अनुरोध है कि क्योंकि वहां भी पंजाब में एनडीए सरकार है, अगर पंजाब राज्य ने कम्पनसेट करना है तो मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि इसको वापस लिया जाए।